5

वचन

बच्चो! नीचे दिए गए चित्र को ध्यान से देखिए।



ऊपर दिए गए चित्र में तुमने देखा कि कक्षा में चार **पंखे** हैं। दस **मेज़ें** तथा उनके साथ दस **कुर्सियाँ** रखी हुई हैं। कक्षा में छह **लड़के** और चार **लड़कियाँ** हैं। एक **अध्यापिका** बच्चों को पढ़ा रही हैं। एक **मेज़** पर तीन **किताबें** रखी हुई हैं। इस कक्षा में चार **खिड़कियाँ** तथा दो **दरवाज़े** हैं।

ऊपर दिए गए व्यक्ति और वस्तुओं के एक तथा अनेक रूपों को जानिए।

एक	अनेक	एक	अनेक	एक	अनेक
पंखा	पंखे	मेज़	मेज़ें	कुरसी	कुरसियाँ
लड़का	लड़के	लड़की	लड़कियाँ	अध्यापिका	अध्यापिकाएँ
किताब	किताबें	खिड़की	खिड़कियाँ	दरवाज़ा	दरवाज़े

शब्द के जिस रूप से उसके एक या अनेक होने का बोध हो, उसे **वचन** कहते हैं।

- जब शब्द एक का बोध कराए तो वह **एकवचन** होता है। जैसे– घोड़ा।
- जब शब्द अनेक होने का बोध कराए तो वह **बहुवचन** होता है। जैसे– घोड़े।

आइए, कुछ शब्दों के एकवचन और बहुवचन रूपों को जानिए।

एकवचन	बहुवचन	एकवचन	बहुवचन	एकवचन	बहुवचन
कपड़ा	कपड़े	जूता	जूते	गुब्बारा	गुब्बारे
चूहा	चूहे	ताला	ताले	चाबी	चाबियाँ
छाता	छाते	बूढ़ा	बूढ़े	औरत	औरतें
केला	केले	घड़ी	घड़ियाँ	माला	मालाएँ
संतरा	संतरे	बकरी	बकरियाँ	लता	लताएँ
बच्चा	बच्चे	तितली	तितलियाँ	गिलहरी	गिलहरियाँ
झंडा	झंडे	नदी	नदियाँ	पंखा	पंखे

(क) चित्रों को देखकर उचित शब्द पर गोला लगाइए और नीचे एक या अनेक भी लिखिए।



घड़ी / घड़ियाँ

अनेक

बच्चा / बच्चे

अनेक

औरत / औरतें

अनेक



पंखा / पंखे

एक

केला / केले

अनेक

तितली / तितलियाँ

अनेक

(ख) रेखा खींचकर जोड़े मिलाइए तथा शब्दों को सही स्थान पर लिखिए।

		एक	अनेक
1. बच्चा	चूहे	बच्चा	बच्चे
2. कपड़ा	बूढ़े	कपड़ा	कपड़े
3. बूढ़ा	कपड़े	बूढ़ा	बूढ़े
4. चूहा	बच्चे	चूहा	चूहे

(ग) सही शब्द चुनकर खाली स्थान भरिए।

1. मेज़ पर चार पुस्तकें रखी हैं। (पुस्तक / पुस्तकें)
2. भगवान को फूल की माला पहनाओ। (फूलों / फूल)
3. नाई रवि के बाल काट रहा है। (बालों / बाल)
4. दरवाज़े पर ताला लगा है। (ताला / ताले)

(घ) एक तथा अनेक दिखने वाले समान चित्रों को रेखा खींचकर मिलाइए तथा दिए गए स्थान पर लिखिए।

		एक	अनेक
		गुब्बारा	गुब्बारे
		गिलहरी	गिलहरियाँ
		घड़ी	घड़ियाँ

6 सर्वनाम

कुछ शब्द नाम के स्थान पर आते हैं। ये शब्द सभी के लिए एक समान रूप से प्रयोग होते हैं।

मैं रवि हूँ।
मेरा स्कूल बहुत बड़ा है।
मुझे पढ़ना अच्छा लगता है।

राधा, तुम कहाँ रहती हो?
तुम्हारा घर कहाँ है?
क्या तुम्हें मेरे साथ चलना है?



पिता जी, आप कब आए?
क्या आपको मंदिर जाना है?
मैं भी आपके साथ चलूँगा।

हम बाज़ार जा रहे हैं।
हमें घूमना अच्छा लगता है।
हमारा परिवार सुखी परिवार है।

यह मेरा घर है।
इसमें सब मिल-जुलकर रहते हैं।
इसको माँ ने सुंदर ढंग से सजाया है।

वह श्याम है।
उसे फूल बहुत पसंद हैं।
उसने फूलों का पौधा लगाया है।

यह रोहित है।
इसे सभी प्यार करते हैं।
इसको पढ़ना अच्छा लगता है।

वे बड़े महात्मा हैं।
उन्हें प्रणाम करो।
उनका सभी आदर करते हैं।

बच्चो! ऊपर दिए गए वाक्यों में रंगीन शब्दों को तुमने पढ़ा। ये सभी नाम के स्थान पर प्रयोग किए गए हैं। इन्हें ही **सर्वनाम** कहते हैं।

संज्ञा के स्थान पर प्रयोग होने वाले शब्द **'सर्वनाम'** कहलाते हैं।

(क) नीचे दिए वाक्यों को उचित सर्वनाम शब्दों से पूरा कीजिए।

1. ____मैं____ संजय हूँ। (वह / मैं)
2. ____तुम____ यहाँ आओ। (हम / तुम)

3. आज ___मुझे___ दिल्ली जाना है। (मुझे / आपका)

4. ___तुम्हारा___ नाम क्या है? (तुम्हारा / तुम्हें)

5. आज ___मेरा___ मैच है। (मेरा / मुझे)

6. ___आप___ दरवाज़े पर क्यों खड़े हैं? (तुम / आप)

(ख) सर्वनाम शब्दों पर गोला लगाइए।

1. तुम	बंदर	राजा
2. बाज़ार	रवि	आप
3. पेड़	मैं	नदी
4. मंदिर	घर	हमारा
5. वे	प्रणाम	फूल

(ग) देखिए, समझिए और मिलान कीजिए।

1. मैं	तुम्हें	मुझे
2. हम	आपके	हमारा
3. तुम	मेरा	तुम्हारा
4. वह	हमें	उसने
5. आप	उसे	आपका

(घ) सर्वनाम शब्दों के नीचे रेखा खींचिए।

एक थी बिल्ली। चूहे उससे परेशान थे। वह चुपके से आ जाती, लेकिन चूहों को उसके आने का पता ही नहीं चलता। उन्हें एक उपाय सूझा। वे एक बड़ी-सी घंटी ले आए। उन्होंने सभा बुलाई तथा निर्णय लिया कि इसे बिल्ली के गले में बाँध देंगे। घंटी बजते ही हम बिल में घुस जाएँगे। तब बिल्ली हमें पकड़ नहीं पाएगी।